<u>समाचार</u>

<u>मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना</u>

26 फरवरी को वार्ड क्र. 02, 21, 36, 66 में पहुंचेगी मोबाईल मेडिकल यूनिट

(अब तक 540 शिविरों के माध्यम से की गई 28018 लोगों की जांच एवं मुफ्त में इलाज)

कोरबा 25 फरवरी 2021 – छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत 26 फरवरी शुक्रवार को वार्ड क्र. 02, 21, 36, 66 के निर्धारित स्थलों में मोबाईल मेडिकल टीम पहुंचकर शिविर लगाएगी तथा लोगों की मुफ्त जांच एवं निःशुल्क इलाज करेगी, वहीं अब तक 540 शिविरों के माध्यम से कोरबा निगम क्षेत्र में 28018 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनका निःशुल्क इलाज किया जा चुका है।

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा स्लम क्षेत्र में रहने वाले लोगों को उनकी बस्ती घर एवं दुवार पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श, उनकी जांच एवं विभिन्न बीमारियों का इलाज व दवाईयां उपलब्ध कराने हेतु जनकल्याणकारी योजना मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना क्रियान्वित की गई है। योजना के तहत डाक्टर, नर्स तथा अन्य मेडिकल स्टाफ व दवाईयों के साथ मोबाईल मेडिकल यूनिट स्लम क्षेत्रों में पहुंच रही है तथा वहां के निवासियों की निःशुल्क जांच व विभिन्न बीमारियों का इलाज कर रही है। नगर निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत विगत 06 नवम्बर से मोबाईल मेडिकल यूनिट निर्धारित कार्यक्रम के तहत वार्डो एवं बस्तियों में पहुंच रही है, वहीं अब तक निगम क्षेत्र में 540 शिविरों के माध्यम से 28018 व्यक्तियों की मुफ्त जांच एवं उनकी विभिन्न बीमारियों का इलाज किया गया।

<u>शुक्रवार 26 फरवरी को इन स्थानों पर पहुंचेगी मेडिकल यूनिट–</u> निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 26 फरवरी 2021 शुक्रवार को वार्ड क्र. 02 गणेश पण्डाल गेरवाघाट, वार्ड क्र. 21 बुधवारी कांशीनगर आंगनबाड़ी गांधी पुतला के पास, वार्ड क्र. 36 लालघाट बेलगरी बस्ती अमरसिंह होटल के पीछे स्टेज, वार्ड क्र. 66 इंदिरा नगर पानी टंकी सामुदायिक भवन के पास मोबाईल मेडिकल यूनिट पूरे साजो–सामान के साथ पहुंचेगी तथा प्रातः 08 बजे से अपरांह 03 बजे तक लोगों की निःशुल्क जांच एवं उनकी बीमारियों का मुफ्त में इलाज करेगी।

<u>26 फरवरी को राजस्व वसूली शिविर</u>– नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा वार्डो में लगाए जा रहे शिविरों की अगली कड़ी में **26 फरवरी को** वार्ड क्र. 10 बजरंग टाकिज के पास, वार्ड क्र. 16 सामुदायिक भवन चारपारा, वार्ड क्र. 27 नवधा पण्डाल रामनगनर, वार्ड क्र. 29 प्राथमिक शाला पोड़ीबहार, वार्ड क्र. 40 दुर्गा पण्डाल पार्षद घर के पास, वार्ड क्र.51 कबीर भवन दर्री, वार्ड क्र. 61 शांतिनगर, वार्ड क्र.66 पानी टंकी सामुदायिक भवन में राजस्व वसूली शिविर लगाए जाएंगे।

<u>26 फरवरी को दर्री में शिविर –</u> निगम द्वारा आयोजित किए जा रहे जन समस्या निवारण शिविर निदान के आयोजन की अगली कड़ी में 26 फरवरी को दर्री जोन कार्यालय में शिविर आयोजित किया जाएगा। इसी प्रकार 1 मार्च को सर्वमंगला जोन कार्यालय में एवं 3 मार्च को बांकीमोगरा जोन कार्यालय में निदान शिविर आयोजित होगा। निगम द्वारा संबंधित वार्ड के नागरिकों से अपील की गई है कि वे इन शिविरों में पहुंचे तथा अपनी समस्या बताएं ताकि उनका त्वरित निदान किया जा सके।